संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 13 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 70 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



विराट कोहली ने टेस्ट करियर का 28वां शतक लगाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह उनका 75वां शतक है। ऑस्ट्रेलिया कप्तान विराट को बधाई देते हुए।



# कुल्लू महाविद्यालय के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सीपीएस ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मुख्य संसदीय सचिव उर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने गत दिवस को राजकीय महा विद्यालय कुल्लू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षा वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का सामना कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कॉलेज के दिनों को याद किया तथा कहा कि उन्होंने इसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की है। सीपीएस ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे। कुल्लू विधानसभा के पिरडी में 50 बीघा जमीन में राजीव गांधी डे



बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा जहां विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पीज से ढालपुर के लिए पैराग्लाइडिंग आरम्भ की जाएगी, आखाडा बाजार से भुंतर तक रिवर राफ्टिंग भी आरंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि लग घाटी के गोरु डुग को स्कीईंग स्थल के रूप मे अधिसूचित किया गया हैं जहां इस वर्ष 50 युवाओं को स्कीईंग का बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव को रोप वे से जोड़ा जाएगा। जिसका कार्य 3 महीने के भीतर आरम्भ होगा। उन्होंने कहा कि अब विकास धरातल दिखेगा। सीपीएस ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों मे भाग लेने का आह्वाहन किया ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन को अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। उन्होंने कहा कि कालेज के लम्बित हर कार्य पूर्ण होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी संस्कृति, रीति रिवाजों व पहरावे को संरक्षित, सम्बर्धन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भुंतर में एनसीसी एयरविंग के कैडिटों को एयर विंग की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएंगी। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने इस अवसर पर शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रिंसिपल राजकीय महाविद्यालय कुल्लू डॉ सुजाता राशपा ने मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत किया व वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने महाविद्यालय की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

# एसएमसी शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह से भेंट की



**शिमला/चमन शर्मा**
एसएमसी शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमण्डल ने संगीता राजपूत की अध्यक्षता में गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें अपनी विभिन्न मांगों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनकी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

# भाजपा मंडी मंडल का एक दिवसीय विस्तारक योजना प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
बूथ सशक्तिकरण के तहत भारतीय जनता पार्टी मण्डी मण्डल का एक दिवसीय शहरी और ग्राम केंद्र विस्तारक योजना का प्रशिक्षण शिविर मण्डी में मंडलाध्यक्ष मनीष कपूर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में सदर विधायक अनिल शर्मा और जिला महामंत्री एवं प्रभारी सदर मण्डल प्रियन्ता शर्मा उपस्थित रही।इस प्रशिक्षण शिविर में विस्तारकों को बूथ स्तर पर ग्राम केंद्र अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष के साथ मिल के पन्ना प्रमुख का चयन करना और सरल



ऐप के जरिए डाटा एंट्री कैसे करनी है उसको लेकर आईटी टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 29 विस्तारकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में उप महापौर वीरेंद्र भट्ट, पार्षद वीरेंद्र आर्य, मंडल महामंत्री दीवान चंद, प्रेस सचिव हिमांशु शर्मा, मोहन सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश, हेम सिंह, प्रेम सिंह, गिरीश चंदेल, खूब राम, शिव राम, परमानंद चौहान, मेघ सिंह, गुलजारी लाल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# उप-मुख्यमंत्री ने माता भीमकाली मंदिर सराहन में पूजा अर्चना की



**शिमला/चमन शर्मा**
उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज माता भीमकाली मंदिर सराहन में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी प्रो सिम्मी अग्निहोत्री भी मौजूद थे। उप मंडलाधिकारी रामपुर एवं मंदिर समिति अध्यक्ष निशांत तोमर ने उप मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जायेगा तथा मंदिरों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जायेगा ताकि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

# सतौन कॉलेज को डिनोटिफाई करना दुर्भाग्यपूर्ण : राकेश गर्ग

**नाहन/एसपी जैरथ**
सिरमौर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के सतोंन कॉलेज को डी नोटिफ ई करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है और एक के बाद एक संस्थानों को डिनोटिफाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में लंबे समय से कॉलेज खोलने की मांग चल रही थी जिसे पूर्व की जयराम सरकार ने पूरा किया था मगर मौजूदा सरकार ने बदले की भावना से काम करते हुए इस



कॉलेज को डिनोटिफाई कर दिया है। मौजूदा सरकार द्वारा अब तक सिरमौर जिला में करीब 69 संस्थानों को डिनोटिफाई कर दिया गया है। राकेश गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा जो डिनोटिफाई करने के फैसले किए जा रहे हैं उससे जनता गुस्साए हुई है।

# मंडी की होली पर एंकर जयंत भारद्वाज ने लॉच किया गाना

## युवाओं को दिया नशे से दूर रहने और तेज रफ्तार वाहन न चलाने का संदेश



**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी की होली का रंग देश में मनाई जाने वाली होली से अलग होता है। मंडी की होली को लेकर स्थानीय युवा स्टेज एंकर जयंत भारद्वाज ने गाना लॉन्च किया है। इस अवसर पर जयंत भारद्वाज ने बताया कि मंडी की होली अपने अनूठे रंग के लिए प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में प्रसिद्ध है और मंडी ऐसा शहर है जहां होली को लोक उत्सव का दर्जा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अंतर राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के बाद राज देवता माधव राय होली के मतवालों के साथ होली खेलते हैं और मंडी की होली की एक खासियत यह है भी कि यहां पर अबीर गुलाल से होली खेली जाती है। उन्होंने बताया कि होली के इस उत्सव में बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं अपनो के संग रंग खेलते है और बिना किसी जान पहचान के व्यक्ति पर रंग नहीं फेंका जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडी के युवा कलाकार जयंत भारद्वाज ने नीरज कश्यप के निर्देशन में ओशो फ ोटोग्राफ ी के बैनर तले आज मंडी में मंडी की होली गाना रिलीज किया। जयंत भारद्वाज द्वारा मंडयाली बोली में लिखे इस गीत में मंडी की होली को उल्लास पूर्वक मनाने के अलावा हुड़दंगी युवाओं को भी संदेश दिया है कि नशे और तेज रफ्तार से वाहन चलाने से बचें। इसी को लेकर जयंत भारद्वाज अपने गीत में कहते हैं कि सारे लगे हासदे सारे लगे नाचदे लगी मंडी री होली। जयंत भारद्वाज ने बताया कि मंडी की होली सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है । जिसमें किसी धर्म, जात और काले गोरे का कोई भेद नहीं है व सब मिलकर यहां होली खेलते हैं।

# माता भीमाकाली मन्दिर परिसर में शुरू हुआ 7 दिवसीय 50वां कोटी रूद्र महायज्ञ

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
विश्व शांन्ति, प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण हेतु मंडी शहर के माता भीमाकाली मंदिर परिसर में एक सप्ताह तक चलने वाले 50वाँ कोटी रूद्र महायज्ञ आज रविवार को शुरू हुआ। मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह महायज्ञ में विशेष रूप से उपस्थित रही। महायज्ञ के प्रमुख महंत आचार्य नित्यानंद सेमवाल ने सांसद प्रतिभा सिंह का स्वागत किया व उन्हें शाल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया।संसद प्रतिभा सिंह ने माता भीमाकाली मन्दिर में भी शीश नवाया व पूजा अर्चना की।50वें कोटी रूद्र महायज्ञ के प्रमुख महंत आचार्य नित्यानंद सेमवाल ने बताया कि



भगवान शिव को समर्पित इस महायज्ञ में एक करोड़ मंत्रों का जाप होगा। इस यज्ञ के सफल आयोजन के लिए 751 ब्राह्मण यज्ञ को संपन्न करवाएंगे, इनमें 650 पंडित हिमाचल प्रदेश के हैं और 101 ब्राह्मण उत्तराखंड के हैं। इस यज्ञ में 51 वेदियाँ और 51 हवन कुंड स्थापित किए गए हैं जिनमें 251 लोग आहुति डालेंगे।
कोटी रूद्र महायज्ञ का आयोजन विश्व शांन्ति, विश्व उद्धार तथा प्रकृति और संस्कृति को बचाने के लिए किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरूआत बाबा भूतनाथ मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें 2100 कलश उठाए ब्रह्मण और अन्य श्रद्धालू माता भीमाकाली परिसर पहुंचे। महायज्ञ का समापन 18 मार्च को माता भीमाकाली मंदिर परिसर में होगा। प्रमुख यजमान कुणाल पूरी ने बताया कि यहां छोटी काशी का सौभाग्य है कि कोटी रूद्र यज्ञ यह हो रहा है। छोटी काशी का इतिहास मंदिरों का है तथा यहां पर माण्डव्य ऋ षि, गुरु गोविंद सिंह व अन्य ऋ षि-मुनियों की तपोस्थली रही है। यहां पर सिद्ध सेन जैसे तपस्वी राजा हुए तथा छोटीकाशी हमें विश्व सद्भावना, शांति और भाईचारे का संदेश देती है। इस अवसर प्रदेश महासचिव चेतराम ठाकुर, जिला परिषद सदस्य चम्पा ठाकुर, भीमाकाली मन्दिर कमेटी के प्रधान पुष्पराज शर्मा, व्यापार मण्डल मण्डी के प्रधान राजेन्द्र महिन्द्रु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

# 170 लोगों का स्वास्थ्य जांचा, बाँटी नि :शुल्क दवाइयां

**सोलन/मनीष**
रविवार को प्रेस क्लब सोलन द्वारा ग्राम पंचायत नौणी मंझगांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी पहुंचे, जहां प्रेस क्लब द्वारा गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दौरान करीब 170 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया, चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से महर्षि मारकंडेश्वर अस्पताल के डॉक्टर मौजूद रहे, जिसमें मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र जांच इत्यादि की जाँच की गई, जाँच के साथ लोगों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई।




कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुल्तानपुर के उपप्रधान जीतराम और नौणी के पूर्व प्रधान बलदेव ठाकुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रेस क्लब सोलन तथा पंचायत नौणी की और गणमान्यों को शॉल और टोपी से सम्मानित किया गया। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रेस क्लब सोलन जिस तरह से लोगों के हित के कार्य कर रहा है वह सराहनीय है उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी होते रहने चाहिएए विनोद सुल्तानपुरी ने इस मौके.पर पुरानी यादों को भी ताजा किया। चिकित्सा शिविर के दौरान नौणी विश्वविद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में प्रेस क्लब के प्रधान मनीष शारदा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार बलदेव चौहान, प्रताप भरद्वाज, कीर्ति कौशल, सोम मेहता, संदीप शर्मा, योगेश, ललित बर्मा, मनोज ठाकुर, मोहिनी सूद, सुनील कुमार, अजय भाटिया, मनीष, वासु इत्यादि मौजूद रहे और मनोज ठाकुर द्वारा मंच संचालन किया गया।

# बुशहर कार्निवल-2023 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का समापन



**शिमला/चमन शर्मा**
उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार देर सांय बुशहर स्पोर्ट्स कल्चर एंड एनवायरनमेंट एसोसिएशन रामपुर द्वारा तीन दिवसीय फाग मेले के उपलक्ष पर आयोजित बुशहर कार्निवल-2023 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेले और त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक है। समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए हम सब को प्रयास करने चाहिए। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह हमारे प्रेरणास्त्रोत है उनका प्रदेश के निर्माण और विकास में एहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पुण्य भूमि पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहां के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नही आने दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यहां की संस्कृति और मेलों के संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगो को किए गए वादों के प्रति वचन बद्ध है जिसे चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कार्निवल के आयोजकों के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की।लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र के लोगो को किए गए हर वादे को पूर्ण किया जायेगा। टिककर खामाड़ी सडक निर्माण का किया गया वादा हम पूर्ण करने जा रहे है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है सडक निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि दत्तनगर मे इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए 60 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है जिससे क्षेत्र के युवाओं को इसका लाभ प्राप्त होंगा। उन्होंने कहा कि रामपुर क्षेत्र में विकास कार्यों में गति प्रदान की जाएंगी।

# पर्वतारोहण एवं घुमक्कड़ी के शौकीनों के लिए पसंदीदा गंतव्य बना हिमाचल

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
साहसिक गतिविधियों एवं घुमक्कड़ी के शौकीनों के लिए हिमाचल एक पसंदीदा गंतव्य है। प्रदेश सरकार राज्य में साहसिक गतिविधियों को चरणबद्ध ढंग से प्रोत्साहन प्रदान कर रही है ताकि इन गतिविधियों में रूझान रखने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके।
पैराग्लाइडिंग, जलक्रीड़ा, स्कीइंग आदि साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के अलावा, पर्वतारोहियों को सुविधा प्रदान करने के लिए भी सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। हिमाचल को प्रकृति ने मनमोहक दृश्यों से नवाजा है और राज्य में विशेष रूप से कुल्लू, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, किन्नौर,



लाहौल-स्पीति तथा चंबा जिलों में कई लुभावने व आकर्षक स्थल हैं जो साहसिक खेल प्रेमियों को रोमांचक अनुभव के अलावा हिमालयी वनस्पतियों व वन्यजीवों के बारे में जानने का भी अवसर प्रदान करते हैं। कुल्लू जिला की बात करें तो यहां स्थित लग घाटी को प्रकृति ने नैसर्गिक सुन्दरता से नवाजा है। स्थानीय लोगों में 'कंस धारइ या 'काईसधारइ के नाम से प्रसिद्ध इस घाटी के अद्भुत नजारे हर किसी को आकर्षित करते हैं। यहां के बड़े-बड़े चारागाह और ब्रिटिश समय के फोरेस्ट हॉउस की आभा तत्कालीन शासकों की भव्यता को दशार्ती है। कुल्लू शहर की भीड़-भाड़ से परे यह स्थल 10 से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और लगभग 3 से 5 घंटे का पैदल रास्ता ट्रैक तय कर यहां पहुंचा जा सकता है। इस पर्यटन स्थल से लग घाटी के खेत-खलियानों के शानदार व अद्भुत दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं और प्रत्येक कदम पर छायाचित्र लेने के लिए विवश करते हैं। सूर्य की उष्मा से भरपूर 'काईस धारइ मनोहारी दृश्यावलियों के लिए विख्यात है। घास के मैदान एवं घने जंगलों से आच्छादित पहाडि ?ां यहां का मुख्य आकर्षण हैं। कैम्पिंग के लिहाज से भी यह जगह उत्तम है। यहां कुछ समय बिताने के बाद पर्यटक अगली सुबह चंबागाड़ टॉप पर जा सकते हैं और 3 घंटे के भीतर वापस विश्राम गृह लौट सकते हैं। यहां से कुपड़ी होकर हाथीपुर पहाड़ से मतासौर पहुंचा जा सकता है। भुंतर हवाई अड्डे से कुछ दूरी पर शिंदोधार या शोंदोधार स्थित है। यह कुल्लू का प्रसिद्ध पर्यटन गंतव्य है जिसे क्षेत्र की अत्यन्त मनमोहक 'घाटियोंइ के लिए जाना जाता है। इसे 'गड़सा घाटीइ भी कहा जाता है। यह अद्भुत स्थल दक्षिण में बंजार तहसील, पश्चिम की ओर द्रंग और दक्षिण की ओर सिराज तहसील से घिरा हुआ है। लगभग 1189 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह एक अति सुंदर गांव है। भुंतर से शमशी सर्किट की इस घाटी में ऊंचे वन मैदान हैं। तितलियों और पक्षियों से भरे हरे-भरे घास के खुले मैदान के दृश्य देखते ही बनते हैं जिससे मन में नई ऊर्जा का संचार होता है। यहां के समीपवर्ती हवाई और दियार गांव भी प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के लिए प्रकृति का अतुलनीय उपहार हैं। कुल्लू जिले की सिराज घाटी हिमाचल प्रदेश के सबसे खूबसूरत स्थानों में से एक है।

# मल्टी टास्क वर्करों की कार्यकारिणी गठित

**ऊना/राजन पुरी**
मल्टी टास्क वर्करों की बैठक रविवार को बीआरसी भवन ऊना में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मल्टी टास्क यूनियन खंड ऊना की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी को प्रधान सर्वसम्मति से खड्ड चताड़ा स्कूल के रविंद्र पाल को नियुक्त किया गया। वहीं रेखा रानी को वरिष्ठ उपप्रधान, हरीश कुमार को उपप्रधान, प्रियंका शर्मा को सचिव, मनोहर लाल कोषाध्यक्ष व शशि पाल को संगठन मंत्री बनाया गया है जबकि सलाहकार की कमान कुलवीर कौर व रेखा को सौंपी गई है। इसके अलावा राजीव कुमार को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 70 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में सीआईएसएफ के 54वीं स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए।

# 'भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण'

## 'भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं, दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती'

**राहुल निशाने पर**

= भाजपा की डबल इंजन की सरकार कर्नाटक के हर जिले हर गांव हर कस्बे के पूर्ण विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है

**बेंगलुरु/हुबली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया, जहां पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

**राहुल गांधी पर बरसे पीएम मोदीः** इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी है। ये मेरा सौभाग्य रहा कि कुछ वर्ष पहले मुझे लंदन में भगवान बसवेश्वर की प्रतिमा के लोकर्पण का अवसर मिला, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में ही भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाने का काम किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने पुनर्विकसित होसपेट रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई नेतागण मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार कर्नाटक के हर जिले, हर गांव, हर कस्बे के पूर्ण विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है।

आज धारवाड़ की इस धरा पर विकास की एक नई धारा निकल रही है, जो हुबली-धारवाड़ के साथ पूरे कर्नाटक के भविष्य को सींचने का काम करेगी।






**'सिद्धरूधा स्वामीजी स्टेशन पर दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म'**

**पीएम** ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 2014 तक बहुत से लोगों के पास पक्का घर नहीं था। शौचालय और अस्पतालों की कमी थी और इलाज महंगा था। हमने हर समस्या पर काम किया, लोगों का जीवन आरामदायक बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने कनेक्टिविटी के मामले में एक और माइलस्टोन को छू लिया है। अब सिद्धरूधा स्वामीजी स्टेशन पर दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है।

**'शिक्षा संस्थानों की बढ़ रही संख्या'**

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि अच्छी शिक्षा सबका अधिकार है। हमारे पास जितने बेहतर शिक्षा संस्थान होंगे, उतने ही अधिक लोगों की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा तक पहुंच होगी। पिछले 9 सालों में अच्छे शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ रही है। हमने एम्स की संख्या तीन गुना बढ़ा दी है। सात दशकों में देश में सिर्फ 380 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि पिछले 9 साल में 250 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

उन्होंने कहा कि आईआईटी धारवाड़ भाजपा के 'संकल्प से सिद्धि' का एक उदाहरण है। करीब 4 साल पहले मैंने इस संस्थान की नींव रखी थी। कोरोना महामारी के बावजूद आईआईटी को एक भविष्यवादी संस्थान के रूप में खड़ा किया गया है। नींव से लेकर उद्घाटन तक हम बड़ी तेजी से काम करते हैं।

## जल्द ही महंगाई से मिलेगी राहत



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आरबीआई** मौद्रिक नीति कमेटी की सदस्य आशिमा गोयल ने रविवार को कहा कि इस साल महंगाई दर में कमी देखने को मिल सकती है। सरकार लगातार अपूर्ति श्रृंखला को ठीक करने के लिए कमद उठा रही है।

इस कारण देश में कीमतें अन्य देशों के मुकाबले धीमी गति से बढ़ेगी। गोयल ने कहा कि भारत पिछले तीन सालों में काफी सारे झटकों से सफलतापूर्वक उबरा है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल महंगाई दर में कमी आएगी। महंगाई कम करने के लक्ष्य के साथ अपूर्ति श्रृंखला को ठीक करने के लिए उठाएं गए कदमों के कारण अन्य देशों के मुकाबले भारत में महंगाई दर कम रही है। अधिक महंगाई दर के आदर्श बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वास्तविक सकारात्मक दर बनाए रखने के लिए महंगाई के साथ सांकेतिक नीतिगत दरें बढ़ती हैं।

## राहुल को देश से निकाल देना चाहिएः प्रज्ञा ठाकुर



**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल** सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए कहा कि विदेशी महिला से पैदा बेटा कभी देशभक्त नहीं हो सकता। राहुल विदेश में बैठकर कह रहे हैं कि हमें संसद में बोलने का मौका नहीं मिल रहा। इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। मैं ऐसे राहुल को दुत्कारती हूं। इन्हें अब राजनीति में मौका नहीं दिया जाना चाहिए। देश से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए। भोपाल सांसद भोपाल-दाहोद ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पहुंची थीं। सांसद ने राहुल गांधी की देशभक्ति पर सवाल उठाया। संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) रेलवे स्टेशन पर शनिवार से पांच ट्रेन को हॉल्ट दिया गया है। संसद में कार्य अच्छा हो रहा है। सबकुछ अच्छा है, लेकिन कांग्रेसी लोग सरकार चलाने नहीं दे रहे। संसद चलने नहीं दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में धार्मिक इमारतों पर हमले बर्दाशत नहींः पीएम एंथनी



**नई दिल्ली/ऑस्ट्रेलिया/टीम एक्शन इंडिया**
**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने कहा कि हमारा देश एक मल्टी कल्चर नेशन है। हम सबकी आस्था का सम्मान करते हैं। यहां धार्मिक स्थलों की इमारतों पर हमला करने वाले व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एल्बनीज से चर्चा के दौरान ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को अफसोस की बात बताया था। एल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में धार्मिक इमारतों पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। चाहे वह हिंदू मंदिर हों, मस्जिद हों या चर्च हों। ऐसी गतिविधियों की हमारे देश में कोई जगह नहीं है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में अमेरिकी यात्री ने सिगरेट पी



**नई दिल्लीः** एयर इंडिया के विमान में एक यात्री को सिगरेट पीते पकड़ा गया। घटना 11 मार्च की है। पुलिस के मुताबिक, लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट में एक अमेरिकी यात्री टॉयलेट में सिगरेट पी रहा था। क्रू मेंबर्स ने जब उसे रोका तो वह उन पर चिल्लाने लगा। फ्लाइट का दरवाजा खोलने की भी कोशिश की। इसके बाद क्रू मेंबर्स ने उसके हाथ-पैर बांधकर उसे बिठा दिया।

इंडो-अमेरिकन है आरोपी, गिरफ्तार किया जा सकता हैः मुंबई में फ्लाइट लैंड होने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने 37 साल के रमाकांत पर केस दर्ज कर लिया। एक ऑफिसर ने कहा- यात्री भारतवंशी है, लेकिन उसके पास अमेरिकन सिटिजनशिप है।

## केंद्र सेम सैक्स मैरिज को मान्यता देने के खिलाफ



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्र** सरकार ने समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने का विरोध किया है। रविवार को सुप्रीम कोर्ट में केंद्र ने इसको लेकर हलफनामा दायर किया। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के लिए दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। इससे पहले केंद्र सरकार का हलफनामा बताता है कि सरकार इसके पक्ष में नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले को लेकर दिल्ली समेत अलग-अलग हाईकोर्ट में दाखिल सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया था। कोर्ट ने 6 जनवरी को इस मुद्दे से जुड़ी सभी याचिकाएं अपने पास ट्रांसफर कर ली थीं। चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस जे. बी. पारदीवाला की बेंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

**56 पेज के हलफनामें में केंद्र का तर्कः** केंद्र ने रविवार को कोर्ट में 56 पेज का हलफनामा दाखिल किया। इसमें कहा गया कि सेम सैक्स मैरिज भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं है।

**समलैंगिक यौन संबंध अपराध की श्रेणी से बाहर**

2018 में आपसी सहमति से किए गए समलैंगिक यौन संबंध को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला सुनाने वाले हाईकोर्ट की बेंच में जस्टिस चन्द्रचूड़ भी शामिल थे। जस्टिस चन्द्रचूड़ ने पिछले साल नवंबर में केन्द्र को इस संबंध में नोटिस जारी किया था और याचिकाओं के संबंध में सॉलिसिटर जनरल आर. वेंकटरमणी की मदद मांगी थी।

## शतकों का सूखा खत्म कियाः विराट ने लगाया टेस्ट करियर का 28वां शतक

**अहमदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के चौथे और आखिरी मैच में विराट कोहली ने टेस्ट में अपने शतकों का सूखा खत्म कर दिया है। उन्होंने अहमदाबाद में अपने टेस्ट करियर का 28वां शतक लगाया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह उनका 75वां शतक है। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं। सचिन ने भारत के लिए कुल 100 शतक लगाए थे। वहीं, विराट अब तक 75 शतक लगा चुके हैं। इनमें से 28 शतक टेस्ट में, 46 वनडे में और एक टी20 में आया है। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली का पिछला शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। इसके बाद से वह टेस्ट क्रिकेट में शतक नहीं लगा पाए थे। अब उन्होंने यह सूखा खत्म किया है। विराट कोहली ने 23 मैच और 41 पारी बाद टेस्ट क्रिकेट में शतकीय पारी खेली है। इससे पहले टेस्ट में दो शतकों के बीच उन्हें अधिकतम 11 पारी का इंतजार करना पड़ा था। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका 16वां शतक है। उन्होंने टेस्ट और वनडे में आठ-आठ शतक लगाए हैं।




**विराट शतक**


= अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

## '5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लिए सीआईएसएफ जरूरी'

**हैदराबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में सीआईएसएफ के 54वीं स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। वहां उन्होंने सीआईएसएफ की परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इसके बाद शाह ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित किया। शाह ने कहा- देश की आर्थिक प्रगति में सीआईएसएफ का बहुत अहम योगदान है क्योंकि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है जब इसके उद्योगों, हवाई अड्डों और बंदरगाहों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। सीआईएसएफ ने 53 सालों में सीआईएसएफ की स्थापना के सभी उद्देश्यों को पूरा किया है। पीएम मोदी ने देश के सामने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है।

## 'सरकार देश को धार्मिक लकीरें खींचकर बांट रही'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार देश को धार्मिक लकीरें खींचकर बांट रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। देश में डर और नफरत की राजनीति नई नहीं है। ये लोग 22-24 करोड़ मुस्लिमों के साथ क्या करेंगे? क्या उन्हें समंदर में फेंक देंगे या उन्हें चीन भेज देंगे? अब्दुल्ला ने कहा कि गांधीजी राम राज्य की बात करते थे, इसका मतलब था- एक ऐसा कल्याणकारी राज्य जहां सभी लोगों को बराबर मौके मिलेंगे और किसी के खिलाफ कोई भेदभाव नहीं होगा। हम सभी को गांधीजी के आदर्शों पर चलना चाहिए। समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा नहीं किया जाना चाहिए। अब्दुल्ला ने एक दर्जन से ज्यादा पार्टियों के साथ अपने घर पर बैठक की थी। ये बातें उन्होंने इसी मीटिंग में कहीं। मीटिंग के बाद अब्दुल्ला ने कहा कि आज जम्मू चैम्बर ऑफ कॉमर्स ने प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ बंद बुलाया था।




**खुल रहे राज**

### बरेली सेंट्रल जेल में माफिया के भाई अशरफ से 2 घंटे मिले थे गुर्गे

## 1 फरवरी को बनी थी उमेश पाल के मर्डर की प्लानिंग

**बरेली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज** के बहुचर्चित उमेश पाल की हत्या की प्लानिंग 11 फरवरी को बरेली सेंट्रल जेल में बनी। जेल की सीसीटीवी फुटेज और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में यह खुलासा हुआ है। बरेली सेंट्रल जेल में बाहुबली अतीक अहमद का पूर्व विधायक भाई अशरफ पिछले ढाई साल से बंद है। 11 फरवरी को बरेली जेल में अशरफ से गुर्गों ने खास मुलाकात की। जेल में इस मुलाकात के 13 दिन बाद यानी 24 फरवरी को प्रयागराज में पुलिस सुरक्षा में उमेश पाल की गोली और बम बरसा कर हत्या कर दी गई। उमेश पाल जिस राजू पाल हत्याकांड में गवाह थे, इसी हत्याकांड में अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ भी आरोपी है।

**एक आईडी पर 7 आरोपी मिलेः** बरेली जेल में बंद अतीक के भाई अशरफ से जेल में मुलाकात करने वालों की लंबी लिस्ट है। अभी तक पुलिस, बरेली जेल के सिपाही शिवहरि अवस्थी समेत 4 को जेल भेज चुकी है। पुलिस और अधिकारी अतीक अहमद के पूर्व विधायक भाई अशरफ से भी पूछताछ कर चुके हैं। जेल के सिपाही शिवहरि अवस्थी, कैंटीन में फल और सब्जी पहुंचाने वाला दयाराम उर्फ नन्हे, राशिद और फुरकान अरेस्ट किए जा चुके हैं। राशिद और फुरकान दोनों ही बिना पर्ची और आईडी के जेल में अतीक अहमद के भाई अशरफ से मिलते थे। पूछताछ में पता चला कि जेल के गेट से लेकर अंदर तक कोई रोकता नहीं था।



**खुलासा**

= जेल की सीसीटीवी फुटेज और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में यह खुलासा हुआ है

# ऑप्रेशन लोटस के सपने देखना बंद करें जयराम ठाकुर : बिमला चौहान

## सरकार को सकारात्मक सहयोग कर सशक्त विपक्ष भूमिका निभाएं

**जोगिंद्रनगर/संगराय**
हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुखू सरकार सत्ता नहीं बल्कि व्यवस्था बदलने के लिए इमानदारी से काम कर रही है। आपरेशन लोटस की बात करना देव भूमि हिमाचल प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता है। अभी सरकार को तीन महीने हुए हैं सुखू जी की सरकार ने भाजपा द्वारा भाई भतीजा वाद, पेपर लीक घोटाला, हमीरपुर चयन बोर्ड में धाँधली की थी लगता है घोटालों से लोगों का ध्यान भ्रमित करने के लिए अनाप शनाप बयान बाजी सही नहीं है। ये बाते



बिमला चौहान सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज जारी ब्यान में कहीं । उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री को चेताया कि सरकार का सकारात्मक सहयोग करें और सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाऐं।

बिमला चौहान ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल और जय राम ठाकुर की सरकार ने विधान सभा में सेना का रेजिमेंट बनाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव पारित किया था उस प्रस्ताव को डब्बल इंजन सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल कर जनता के साथ धोखाधड़ी कयों की जनता जानना चाहती है कि झूठे वायदे कयों किऐ थे। बिमला चौहान ने कहा कि जय राम ठाकुर भूल गए जब पांच साल पहले जोगिंद्रनगर लड भड़ोल बनांदर में बैजनाथ नेरी लांगणा मंडी नेशनल हाइवे की घोषणा की थी उसकी नोटिफिकेशन क्यों नहीं हुई। भाजपा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री भूल गए कि लड भड़ोल अस्पताल में 40 पद मे से 20 पद क्यों रिक्त रहे, आनन फानन में कॉलेज का उद्घाटन करवाया जिसमे प्रोफेसर के 10 पद स्वीकृत थे तो 7 पद ही क्यों भरे गए । लडभड़ोल में एस डी एम कार्यालय खोलने की घोषणा की थी लेकिन जुमलेबाजी ही करते रहे। जोगिंद्रनगर में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने की घोषणा की थी लेकिन केंद्रीय विद्यालय धर्मपुर चला गया जबकि धर्मपुर में केंद्रीय विद्यालय संधोल में चल रहा था। बिमला ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश के भोले भाले लोगों को ठगा और अब आपरेशन लोटस की बात करना दुर्भाग्यपूर्ण है बिमला चौहान ने कहा कि डब्बल इंजन सरकार ने पिछले पांच वर्षो में हिमाचल प्रदेश में कया किया, केवल राजा वीरभद्र सिंह द्वारा स्वीकृत कार्यो के उद्घाटन करते रहे। जनता ने कांग्रेस सरकार को पांच वर्षो के लिए चुना है इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए।

# 25 विद्यार्थियों ने दी विश्व की सबसे ऊंची स्नो मैराथन सीसू में अपनी सेवाएं

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के 25 विद्यार्थियों ने विश्व की सबसे ऊँची स्नो मैराथन सिस्सू में सम्पन्न हुई स्नो मैराथन में अपनी सेवा दी। शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो. ज्योति बाला ने बताया की विभाग के 25 विद्यार्थियों विश्व की सबसे ऊँची स्नो मैराथन में विभिन्न प्रकार की सेवा प्रदान की 11 मार्च सुबह से विद्यार्थी सिस्सू के लिए निकल गये थे वहाँ उन्होंने बैनर, फ्लैग लगाने के साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया। 12 मार्च सुबह 5 बजे से सभी ने टाइम कीपर, रिफ्रेशमेंट, फ्लैग मार्किंग इत्यादि की सेवा करने के साथ ही इस प्रतियोगिता में भाग भी लिया।

महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता वर्ग में भाग लिया और पुरस्कार भी प्राप्त किए।प्रो ज्योति ने बताया की शबनम ने 10कि मी महिला वर्ग में व रेणुका ने 5 कि मी महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया, पुरुष वर्ग में अजय ने 5 कि मी में तृतीय स्थान लिया।विशाल व शिवालिका ने भी 5 कि मी रेस में भाग लिया था। महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी जीतने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।



## न्यूज फ्लैश

### बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों ने सरकार से बैचवाईज भर्ती की उठाई मांग

**ऊना/राजन पुरी**
जिला मुख्यालय के एमसी पार्क ऊना में शनिवार को बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संघ के प्रधान मनमोहन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान मनमोहन सिंह ने संघ की मांगों को सरकार के समक्ष रखते हुए कहा कि पिछले सात सालों से शारीरिक शिक्षकों की सरकार द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है। जल्द से जल्द टीजीटी व जेबीटी की तर्ज पर शारीरिक शिक्षकों की भर्ती की जाए। उन्होंने कहा कि पीटीए या एसएमसी के माध्यम से चोर दरवाजे से भर्तियां की गई। कमीशन या बैचवाईज भर्तियां नहीं की गई। पिछली सरकार में सिवाय आश्वासन के संघ को कुछ नही मिला। उन्होंने सरकार से मांग की है कि एसएमसी के तहत रखे गए शारीकि शिक्षकों की पॉलिसी बनाने से पहले शारीरिक शिक्षकों की बैच वाईज भर्ती की जाए, ताकि बेरोजगार शारीरिक शिक्षकों को बराबर मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को अनदेखा करती है तो मजबूरन बेरोजगार शिक्षक संघ को सरकार के खिलाफ सडकों पर उतरना पड़ेगा और संघ संघर्ष करने से पीछे नही हटेगें। इस मौके पर मुकेश कुमार, तिलक राज, संजीव पुरी, धीरज, करनैल सिंह, भूपेंद्र, युद्धवीर, मनोज कुमार, विवेक, अरूण ठाकुर महेश व सरवण सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### बिना शिक्षक नौनिहाल कैसे सीखेंगे संस्कृत का ज्ञान: जगदीश शर्मा

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा है कि बिना संस्कृत शिक्षक के प्राथमिक स्कूलों में संस्कृत विषय का ज्ञान देना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में तीसरी, चौथी व पांचवीं कक्षा से संस्कृत विषय शुरू तो किया जा रहा है, लेकिन संस्कृत को पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में बिना संस्कृत शिक्षकों के नौनिहालों को विषय का ज्ञान देना जेबीटी शिक्षकों के लिए संभव नहीं है। जब तक स्कूलों में संस्कृत विषय को पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की तैनाती नहीं की जाती तब तक संस्कृत विषय को शामिल न किया जाए। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष जगदीश शर्मा की अगुवाई में निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग से मिला और उनके समक्ष संस्कृत विषय को शुरू करने से पहले विशेषज्ञ शिक्षकों की तैनाती करने की मांग रखी। संघ ने जेबीटी से टीजीटी मैडिकल व नॉन मैडिकल की आगामी समय में होने वाली डीपीसी में मार्च 2018 की जगह 31 मई 2018 तक के शिक्षक शामिल किए जाने की मांग रखी क्योंकि वर्ष 2018 में अनुबंध से नियमितीकरण मई माह में हुआ था। इसके अलावा प्रदेश में 10 से कम संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को बंद करने से पहले नई इनरोलमैंट व प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने का आग्रह किया क्योंकि प्रदेश के अनेक स्कूल ऐसे जहां बीते सत्र में इनरोलमैंट कम थीए लेकिन नए सत्र में इनरोलमैंट में बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि शीतकालीन स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया जारी है जबकि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों वाले स्कूलों में अभी दाखिला प्रक्रिया आगामी अप्रैल महीने शुरू होनी है। प्रदेशाध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह कि प्रक्रिया हुई थी उसके बाद केवल वही स्कूल रहे हैं जो आरटीई के अनुसार जरूरी हैं व जहां की भोगौलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि छोटे बच्चों का आनाण्जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के जीरो इनरोलमैंट वाले स्कूलों को बंद करने के फैसले का संघ स्वागत करता हैए लेकिन 10 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद करने के निर्णय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए ताकि ऐसे स्कूल बंद न हो जो मापदंड पूरे करते हो। इसके अलावा संघ ने नर्सरी अध्यापकों की नियुक्ति जल्द करने व संघ की प्रतिवेदन बैठक हेतु समय निर्धारित करने सहित अन्य मांगें रखी गई। जगदीश शर्मा ने बताया कि निदेशक द्वारा संघ को आश्ववत किया गया कि विभाग द्वारा जेबीटी से टीजीटी मैडिकल व नॉन मैडिकल की डीपीसी में मई 2018 तक के शिक्षकों को शामिल करने सहित मापदंड पूरा करने वाले स्कूलों को बंद न करने बारे आश्वस्त किया गया।

# खड्ड में ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, पति घायल

**ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल हरोली के खड्ड गांव में पेश आए सडक हादसे में 38 साल की महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रानी देवी पत्नी करनैल सिंह निवासी खड्ड के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रीजनल अस्पताल ऊना भेज दिया है। वहीं घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक हादसे के तुरंत बाद ट्रक लेकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। मिली जानकारी के मुताबिक खड्ड गांव के निवासी करनैल सिंह शनिवार देर रात को पत्नी रानी देवी के साथ स्कूटी पर सवार होकर जा रहा थे बाबा भभूर शाह मंदिर के समीप पहुंचते ही एक ट्रक ने स्कूटी को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से महिला सडक पर जा गिरी और ट्रक के पिछले टायरों के नीचे कुचली गई। स्थानीय लोगों की सहायता से महिला और उसके घायल पति को अस्पताल की तरफ लेकर भागे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हादसे के फौरन बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार होने में कामयाब रहा।
मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी प्रवीण ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# चिट्टे और चरस के साथ तीन युवक काबू, केस दर्ज

**ऊना/राजन पुरी**
जिला पुलिस द्वारा नशें के खिलाफ छेड़े गए विशेष अभियान के तहत नशाखोरों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन युवकों को चिट्टे व चरस के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनोज कुमार निवासी जलग्रां टब्बा, कमल निवासी उत्तर प्रदेश व मोनू निवासी नैहरियां के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार संतोषगढ़ पुलिस की टीम शनिवार देर शाम को संतोषगढ़ स्वां पुल पर ख्वाजा मंदिर के समीप नाकेबंदी पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस की टीम को एक कार में हेरोइन होने की सूचना मिली। नाकेबंदी के दौरान सामने से आ रही एक कार को रुकने का इशारा किया। सामने पुलिस को देख कर कार चालक मनोज कुमार घबरा गया। टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर कार से 9.53 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वहीं दूसरे मामले में शनिवार देर शाम को गगरेट पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। श्मशान घाट के पास रेन शेल्टर के भीतर कमल व मोनू अकेले बैठे थे। शक होने पर पुलिस ने पूछताछ के लिए रोका, जिससे दोनों युवक घबरा गए। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के पास से 8.70 ग्राम चरस बरामद की गई है।
मामले की पुष्टि करते हुए एडिशनल एसपी प्रवीण कुमार धीमान ने बताया कि पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



# पतंजलि योग पीठ के चार संगठनों की बैठक

**ऊना/राजन पुरी**
पतंजलि योग पीठ के चारों संगठनों की संयुक्त बैठक भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी यशपाल ठाकुर की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय ऊना में संपन्न हुई।
बैठक में ट्रस्ट के जिला प्रभारी यशपाल ठाकुर ने कहा कि राज्य प्रभारी लक्ष्मी दत्त शर्मा द्वारा ऑनलाइन मीटिंग में जिला एवं तहसील स्तर पर युवा भारत की समितियां बनाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का 14वां बैच शुरू हो गया है। 15वां बैच 23 अप्रैल से शुरू होगा। इसके लिए इच्छुक सदस्य अपनी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि जनवरी, 2023 से वातावरण दूषित होने से पूरे भारत में खांसी, जुकाम व बुखार से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में पतंजलि द्वारा निर्मित औषधियों का उपयोग करने की सलाह दी गई हैं। उन्होंने सभी सदस्यों को भारत स्वाभिमन ट्रस्ट की एप डाऊनलोड कर नियमित रूप से योग कक्षाएं लगवाने पर उनकी सराहना की। इस मौके पर विजय कुमार शर्मा, हरीश साहनी, तिलक राज धीमान, कर्णपाल मनकोटिया, सतिंद्र कुमार शास्त्री, सुदर्शन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, अनुराधा एवं सूर्यांश मौजूद रहे।



### सवर्ण समाज की आवाज उठाने वाले संगठन को सम्मानित करने का लिया निर्णय

**फतेहपुर/विजय समयाल**
आपको बता दें रविवार को राजपूत सभा फ तेहपुर की बैठक रैस्ट हाऊस फ तेहपुर में सभा प्रधान रघुबीर पठानिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक दौरान जहां सर्वप्रथम सभा की सदस्यता बढाने पर जोर दिया गया।
तो वहीं राजपूत शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान जानकारी देते हुए सभा चेयरमैन राघब पठानिया ने बताया आगामी मई माह में महाराणा प्रताप की जयंती मनाने को लेकर चर्चा की गई।

# जिला पैशनर्ज संघ ब्लॉक फतेहपुर की बैठक राबमापा फतेहपुर में हुई सम्पन्न



**फतेहपुर/विजय समयाल**
जिला पैशनर्ज संघ ब्लॉक फ तेहपुर की बैठक रविवार को राबमापा फ तेहपुर में ब्लॉक अध्यक्ष सोमराज गर्ग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला महासचिब रजिंदर कौशल विशेष उपस्थित रहे। बैठक दौरान जिला महासचिव ने उपस्थित पैशनर्ज को जिला व राज्य स्तर पर चल रही संघ की कार्यशैली से अवगत करवाते हुए कहा जिला व प्रदेश स्तर पर संघ सरकार के समक्ष पैशनर्ज की मांगों को समय-समय पर उठता रहा है और आगे भी उठता रहेगा।
वहीं ब्लॉक अध्यक्ष सोमराज गर्ग ने बताया आज की बैठक में 8 सितंबर, 2022 की अधिसूचना अनुसार पेंशन बढ़ोतरी के फार्म भर कर 31 मार्च तक जमा करवाने बारे जानकारी दी गई। वहीं उन्होंने सरकार से निवेदन किया है कि 01-01-2016 के बाद से रिटायर हुए जिन कर्मियों को पैशन लाभ नही मिला है उसे जल्दी लाभ दिया जाए। ताकि वो भी अपनी जरूरते समयानुसार पूरी कर सकें। वहीं इस मौके पर क्षेत्र के प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट प्रीतम ठाकुर ने भी उपस्थित पैशनर्ज को योगा व एक्यूप्रेशर के माध्यम से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। इस मौके पर करनैल राणा, बिजय कुमार, बलबंत सिंह, भजन सिंह, जोगिंदर सिंह, एससी शर्मा, मस्त राम, जगदीश सिंह, अमर सिं, चमेल सिंह ठाकुर दास ओंकार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# किसानों को उनके अधिकारों से करवाया अवगत

**ऊना/राजन पुरी**
भारतीय किसान संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को समूर में आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डा. सोमदेव शर्मा व भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। वहीं किसान संघ के प्रदेश संगठन मंत्री हरिराम ने किसान संघ की स्थापना और किसानों के अधिकारों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इसके अलावा जहर मुक्त जैविक खेती के विषय में किसानों को उपायों से अवगत करवाया। संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार ने कहा किसानों के समग्र विकास के लिए एक गैर राजनीतिक संगठक के रूप किसान संघ की स्थापना की गई है। जोकि देशभर में किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाता रहता है। किसान संघ देशभर में आंदोलनात्मक, रचनात्मक तथा संगठनात्मक कार्यक्रम करता है। किसानों तक अपने राष्ट्रवादी विचारधारा को पहुंचाता है। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलबाग ठाकुर, प्रदेश सचिव सुरेश कुमार, जिला ऊना के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जिला सचिव विशाल पाठक, योग राज, सुरेंद्र कुमार, प्रभात सिंह, चरणजीत सिंह, वंदना, कृष्णा देवी, अशोक कुमार समेत अन्य किसान संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# संशोधित पैंशन का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर जल्द करे सरकार : बीके. सूद

## विद्युत परिषद पेंशनर्स कल्याण संघ की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

**ऊना/राजन पुरी**
राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स कल्याण संघ की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को ऊना में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष ई. बीके. सूद ने की। बैठक में प्रदेश की सभी इकाइयों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में दिवंगत पैंशनरों के लिए मौन रखा गया। प्रदेशाध्यक्ष ई. बीके. सूद ने कांग्रेस सरकार बनने पर डा. सुखविंद्र सुक्खु को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पेंशनरों की समस्याओं का समाधान व देय लाभों की अदायेगी प्राथमिकता के आधार पर जल्द करेगी। इस अवसर पर ईकाई पदाधिकरीयों ने विभिन्न समस्याओं पर राज्य कार्यकारणी के साथ चर्चा की। कार्यकारणी महासचिव पीएल गुप्ता ने बिजली बोर्ड प्रबंधन की सुस्त और लचर कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जो कर्मचारी सेवानिवृत हो रहे है उनकी पेंशन निर्धारण व उनके देय में अनावश्यक देरी की जा रही है। वर्ष 2016 के पश्चात सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को संशोधित पैंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं 2016 से पूर्व पैंशनरों की नैशनल पे-फिक्सेशन की नोटिफिकेशन के साथ लगाए टेबल भी आधे-अधूरे है और ना ही नैशनल पे फिक्सेशन की जा रही है। जिसके कारण पेंशन संशोधन भी रुका पड़ा है। उन्होंने कहा बोर्ड प्रबंधन पेंशनरों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। पैंशनरों की देयों की अदायगी जानबूझ कर लंबित की जा रही है। उन्होंने बिजली बोर्ड-प्रबंधन व प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि पैंशनर जोकि जिंदगी के आखिरी पड़ाव पर है उनको अदायगी मानवीय आधार पर शीघ्रातिशीघ्र करे। साथ ही बोर्ड पेंशनरों की मार्च 2023 तक की अदायगी को समुचित प्रावधान के साथ वित वर्ष 2022-23 के बैलेंस शीट में देनदारियों के रूप में रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष केडी शर्मा, जेसी शर्मा, अशोक विज, जगदीश वर्मा, एचएस चंदेल, रतन चंद, प्रदीप धीमान, रतन तंनवर, एमआर वर्मा, पीएल नेगी, जीत कुमार, एसके सोनी, एके दत्ता जेपी शर्मा, केआर गुप्ता अन्य उपस्थित रहे।





विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा हि.प.

| क्र.सं. | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|
| 1 | [illegible] | [illegible] |
| 2 | [illegible] | [illegible] |
| 3 | [illegible] | [illegible] |
| 4 | [illegible] | [illegible] |
| 5 | [illegible] | [illegible] |
| 6 | [illegible] | [illegible] |
| 7 | [illegible] | [illegible] |
| 8 | [illegible] Etc.) | [illegible] |
| 9 | [illegible] | [illegible] |
| 10 | [illegible] | [illegible] |
| 11 | [illegible] | [illegible] |
| 12 | [illegible] | [illegible] |
| 13 | [illegible] | [illegible] |
| 14 | [illegible] | [illegible] |

Secretary
Panchayat Jangoli

## संपादकीय

# प्रकृति के बेरहम दोहन का परिणाम

**आने** वाले महीनों में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ताबड़तोड़ गर्मी होने वाली है उनके अनुसार यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं।

# राजनैतिक भ्रष्टाचारियों पर ईडी और सीबीआई का शिकंजा



प्रेम शर्मा

> केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा ? दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है ?

**२लम्बे** अरसे से सीबीआई और ईड़ी को लेकर विपक्षी दलों द्वारा इसके दुरूपयोग के आरोप लगते रहे है। इसमें सच्चाई कितनी है यह किसी से छूपी नही है। लेकिन साल 2019 में केंद्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी करके प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) में बदलाव किए. इसके तहत ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में स्पेशल पावर दिया गया था। इसके बाद से ईडी की ताकत में कई गुना इजाफा हुआ। ईडी ने 2021-22 में मनी लॉन्ड्रिंग के 1200 केस दर्ज किए।पीएमएलए के सेक्शन 17 के सब-सेक्शन (1) में और सेक्शन 18 में बदलाव कर दिया गया और ईडी को ये शक्ति दी गई कि वह इस कानून के तहत लोगों के आवास पर छापामारी, सर्च और गिरफ्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट में पीएमएलए की धाराएँ लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद ही एफआईआर दर्ज करके गिफ्तारी कर सकती है। अब बॉत करें सीबीआई कि तो संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार, 31 जनवरी, 2022 तक कुल 1,025 मामले सीबीआई के पास लंबित थे, जिनमें से 66 मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित थे। सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो। हालाँकि जब देश में यूपीए की सरकार थी तो सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में टिप्पणी की थी कि सीबीआई सरकार का तोता है। केंद्र में बैठी सरकार अपने मातहत काम करने वाली एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कर रही है। यह आरोप नया नहीं है।

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा ? दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है



कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है ? इसके बाद राजद सुप्रीमों लालू यादव के ठिकानों में छापेमारी के बाद ईडी ने 600 करोड़ की सम्पत्ति का दावा किया है। इसके अतिरिक्त यह प्रश्न भी उठता है कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पत्र पर हस्ताक्षर कैसे कर सकती हैं? क्या बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को अनदेखा कर दिया जाए? शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया गया और बेहद बेशर्मी के साथ किया गया, यह निष्कर्ष कलकत्ता उच्च न्यायालय का है। क्या तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दल यह चाहते हैं कि देश की जनता यह विस्मृत कर दे कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद की गई थी ? यदि तृणमूल कांग्रेस पार्थ चटर्जी को निर्दोष मानती है तो फिर उसने उन्हें पार्टी से निलंबित क्यों किया ?केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया।

यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा? इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी तो फिर घोटाले का शोर मचते ही उसे वापस क्यों लिया गया? क्या विपक्षी दल इसकी जिम्मेदारी ले सकते हैं कि दिल्ली सरकार की ओर से वापस ली गई शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी और उससे शराब विक्रेताओं को कहीं कोई अनुचित लाभ नहीं मिल रहा था ?एक सवाल यह भी है कि क्या चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी दलों के नेता मनीष सिसोदिया समेत जो अन्य नेता घपले-घोटालों के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं, उनके निर्दोष होने का प्रमाण दे सकते हैं? यह हैरानी की बात है कि विपक्षी नेताओं की चिट्ठी में उन लालू यादव का भी जिक्र है, जिन्हें चारा घोटाले में सजा सुनाई जा चुकी है।यह सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लग गई है।

राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कटु सच्चाई है। विपक्ष की बॉत करे तो कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी, एनसीपी से लेकर उद्व ठाकरे की पार्टी, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे से लेकर सांसद अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, सांसद भावना गवली, संजय राउत से लेकर जनप्रतिनिधियों की एक लम्बी लिस्ट सीबीआई और ईडी के पास मौजूद है। सरकार ने दिसम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक जानकारी देकर बताया था कि 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं।जबकि सीबीआई की कोर्ट में पेश एक ऐसी ही रिपोर्ट में बताया गया है कि मौजूदा और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ कुल 121 केस लंबित हैं। इनमें से 51 सांसद हैं। जिनमें 14 मौजूदा और 37 पूर्व संसद सदस्य हैं।

5 का निधन हो चुका है। इसके साथ ही सीबीआइ के समक्ष 112 विधानसभा सदस्यों के खिलाफ केस है। इनमें 34 मौजूदा और 78 पूर्व विधायक हैं, जबकि 9 का निधन हो चुका है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 सांसदों के खिलाफ ब्ठप् जांच लंबित है।सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया है कि देशभर में सीबीआई की विशेष अदालतों में मौजूदा और पूर्व सांसदों/विधायकों के खिलाफ कुल 151 मामले लंबित हैं और 58 मामलों में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। हालांकि, लगभग एक-तिहाई मामलों में, मुकदमा घोंघे की गति से आगे बढ़ रहा है - आरोप तय नहीं किए गए हैं, जबकि अपराध कई साल पहले किए गए थे। मध्य प्रदेश में हजारों करोड़ के राशन घोटाले तेदेपा सांसदों वाईएस चैधरी और सीएम रमेश असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा बीते कुछ सालों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. कभी असम की कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे हिंमत बिस्वा आज बीजेपी की सरकार में असम के मुख्यमंत्री हैं और बीजेपी के चुनावी अभियान में स्टार कैम्पेनर हैं। अब ऐसे अगर विपक्ष मध्यप्रदेश के राशन कार्ड घोटाले, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) के दो सांसद, सीएम रमेश और वाईएस चैधरी जो वर्तमान में भाजपा में है, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा जिन पर जनवरी 2015 को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सारे चिट फंड के केस की जाँच साबीआई को सौंपने के आदेश दिए और अगस्त 2015 में हिमंत बिस्वा शर्मा बीजेपी में शामिल हो गए कि बॉत करती है तो सरकार को इन आरोपों पर भी अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए।

## कविता

### आओ दें पैगाम आत्म सम्मान का

जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो पायेगा,
हिंसा नफरत ईर्ष्या
यदि विश्व में फैलाओगे
शांति अमन चैन
कहां से पाओगे।
रूस यूक्रेन युद्ध
विस्तार वाद की परिणति
लाखों लोगों ने देदी
इस हिंसा में आहुति।
बेघर हुई मानव जाति
बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और मासूम
यूक्रेन रूस युद्ध में
कितने कितने हुए गुमसुम
मुरझा गए आकाश कुसुम,
अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो गए
रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग में
घी डालकर हवन कर गए।
पाकिस्तान आतंक को पालकर
हिंसा को अपनी ढाल बनाकर
अपने ही घर को जलाकर
अब आंसू बहा रहा है,
विदेशों से सहायता मांग कर
अपना घर चला रहा है।
भारत ने बोया पौधा शांति का
अब दुनिया को देशों को
दे रहा है संदेश
अमन चैन और शांति का।

संजीव ठाकुर

## महान कवि व अपूर्व संत एकनाथ

**अशोक प्रवृद्ध**

**शान्तिब्रह्म,** संत पद को प्राप्त एक ज्ञानी, एक उच्च कोटि के समाज सुधारक, एक महान दार्शनिक, संस्कृत भाषा के एक उद्भट ज्ञाता आदि संज्ञाओं से विभूषित संत एकनाथ महाराज (1533- 1590) को पूरे महाराष्ट्र में ज्ञान में से एक की उपाधि से जाना जाता है। संत भानुदास के कुल में उत्पन्न एकनाथ ने संत ज्ञानेश्वर द्वारा प्रवृत्त साहित्यिक तथा धार्मिक कार्यों का सब प्रकार से उत्कर्ष कर महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे भारत के एक महान संत के रूप में ख्याति प्राप्त की। ये संत भानुदास के परपौत्र थे।संत एकनाथ के जीवन के बारे में समुचित जानकारी नहीं मिल पाती, क्योंकि उनके बारे में कहीं परभी कोई लिखित जानकारी उपलब्ध नहीं। लेकिन ऐसी मान्यता है कि शांति के सागर संत एकनाथ का जन्म विक्रम संवत 1590 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पैठन गाँव में देशस्थ ऋग्वेदी परिवार एक कुलीन ब्राह्मण (कुलकर्णी) के घर भारतीय पंचांग(कैलेंडर) के अनुसार चैत्र कृष्ण षष्ठी को हुआ था, जिन्होंने सोलहवीं सदी में अपने जीवन अंतिम काल तक भक्ति आन्दोलन को बढ़ावा दिया। ।कतिपय विद्वान उनकी जन्म तिथि 8 नवम्बर 1533 ईस्वी मानते हैं।उनके पिता का नाम सूर्यनारायण तथा माता का नाम रुक्मिणी था। ऐसा विश्वास है कि गोस्वामी तुलसीदास के समान मूल नक्षत्र में जन्म होने के कारण कुछ महीनों के बाद ही इनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी। इसलिए बचपन से ही एकनाथ को उनके दादा ने पाला था। चक्रपाणि और सरस्वती उनके दादा और दादी थे। उनके परदादा भानुदास भी वारकरी संप्रदाय से सम्बन्धित संत थे। संत जनार्दन एकनाथ के गुरु थे और वे सूफी संत थे।एकनाथ को बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक ज्ञान और हरिकीर्तन का शौक था। उन्हें अल्पवय में ही कंधे पर वीणा के रूप में तख्ती लिए भगवान के सामने जप में लीन बैठे देखा जाता था। बालक एकनाथ स्वभाव से श्रद्धावान तथा बुद्धिमान थे। बारहवर्ष की आयु मेंएकनाथ ने देवगढ़ (देवगिरी) के सद्गुरु जनार्दन स्वामी की ब्रह्मनिष्ठा, विद्वत्ता, सदाचार और भक्ति देखकर उनकी ओर आकृष्ट हुए और उन्हें गुरु स्वीकार कर उनके शिष्य हो गए। चालीसगाँव के मूल निवासी जनार्दन का उपनाम देशपांडे था। वे एक महान भक्त थे। अपने गुरु जनार्दनपंत से एकनाथ ने वेदांत, योग, भक्ति योग सीखा। ज्ञानेश्वरी, अमृतानुभव, श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों का अध्ययन किया और उनका आत्मबोध जागृत हुआ। उन्हें आत्मसाक्षात्कार हुआ। ऐसी मान्यता है कि संत एकनाथ ने गुरु की सेवा के लिए अथक परिश्रम किया। वे नाथों के द्वार पर द्वारपाल के रूप में खड़े रहते थे। उन्होंने गुरु कृपा से अपने जीवनकाल में भगवान दत्तात्रेय का दर्शन भी किया था। संत एकनाथ का जीवन आत्म-साक्षात्कार, पूर्णगुरु की कृपा और भगवान दत्तोत्रय के दर्शन से धन्य हो गया।

## विचार

## क्या बहुत दूर तक फैले है तार दिल्ली शराब घोटाले के तार?

**अशोक भाटिया**

**दिल्ली** शराब नीति मामले को लेकर तेलंगाना के सीएम केसीआर की बेटी और बीआरएस एमएलसी के कविता से पूछताछ जारी है। प्रवर्तन निदेशालय के समन पर के कविता उसके दिल्ली स्थित दफ्तर में मौजूद हैं। आपको बता दें कि दिल्ली शराब घोटाले को लेकर प्रवर्तक निदेशालय ने शुक्रवार को राउड एवेन्यू कोर्ट में कविता का जिक्र भी किया था और कहा था कि दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया और कविता के बीच सीधा लिंक है। ये लोग विजय नायर के माध्यम से जुड़े थे। ईडी उनकी कथित भूमिका को लेकर पूछताछ कर रही ज्ञात रहे कि हाल ही में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार नई शराब नीति लेकर आई थी। इस नीति के आने के बाद दिल्ली के शराब कारोबारी ने ग्राहकों को डिस्काउंटेड रेट पर शराब बेचना शुरू किया। इस नीति में प्रवर्तक निदेशालय ने सरकार पर घोटाले के आरोप लगाए, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को मुख्य आरोपी बनाया गया था।दिल्ली सरकार पर निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाकर रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद ह्यआपह्न सरकार ने विवादित एक्साइज पॉलिसी वापस लेनी पड़ी थी। बाद में शराब घोटाले में पहले प्रवर्तक निदेशालय ने हैदराबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंड बुचिबाबू गोरंटला को गिरफ्तार किया था क्योंकि दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी को बनाने और लागू कराने में इनका अहम रोल बताया गया। इसके साथ ही आरोप लगाया गया कि इन्होंने हैदराबाद के थोक-खुदरा लाइसेंसधारकों और उनके लाभार्थी मालिकों को गलत तरीके से लाभ पहुंचाया। गोरंटला पहले तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता के साथ काम करते थे। सीबीआई के मुताबिक कविता उस ह्यसाउथ ग्रुपह्न से जुड़ी रही हैं जिसकी एक लॉबी की मिलीभगत से दिल्ली की एक्साइज पॉलिसी को बदलकर घोटाला किया।ईडी ने राघव को आंध्रप्रदेश के प्रकाशम जिले से गिरफ्तार किया है। राघव पर आरोप है कि पूरा शराब कांड की योजना बनाने में उसका रोल था। उसने ईडी की जांच में भी सहयोग नहीं किया। इसके बाद गिरफ्तारी हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शराब घोटाने की योजना बनाने से लेकर तगड़ा मुनाफा कमाने तक में राघव की भूमिका अहम रही। राघव अकेले नहीं हैं। शराब घोटाला कनेक्शन में कई नेताओं के नाम सामने आए हैं। राघव से पहले शराब घोटाले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर के बेटी के. कविता का नाम भी सामने आ चुका है। कविता का नाम सामने आने के बाद पिछले साल दिसम्बर में उनसे पूछताछ की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय का आरोप था कि कविता साउथ ग्रुप का हिस्सा थीं और उन्हें भी रिश्वत से फायदा हुआ था।ईडी के आरोपों के मुताबिक, दिल्ली सरकार की नई शराब नीति लाए जाने के बाद कविता भी दिल्ली में शराब के कारोबार में शामिल थीं। इंडो स्पिरिट्स फर्म के मालिक, कविता, राघव मगुन्टा, अभिषेक बोइनपल्ली और बुच्ची बाबू के साथ साठ-गांठ हुई थी।इसीलिए वित्तीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने चार्जशीट में आम आदमी पार्टी के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी कविता पर आारोप लगाए हैं। के कविता तेलंगाना में अपने पिता की पार्टी टीआरएस से एमएलसी हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कविता पर आरोप हैं कि उन्होंने कुछ लोगों के साथ मिलकर आप पार्टी के विजय नायर को 100 करोड़ की रिश्वत दी थी। उन लोगों में राघव मगुन्टा, एमएस रेड्डी और सरथ रेड्डी के नाम शामिल हैं। इन सब खुलासों के बाद ईडी ने 11 मार्च को के. कविता से पूछताछ शुरू की है। सवाल उठ रहा है कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले केसीआर की बेटी पर जिस तरह से ईडी का शिकंजा लगातार बढ़ते जा रहा है, क्या उसके पीछे कोई सियासी मायने भी है। ये सवाल इसलिए भी राजनीतिक गलियारों की सुर्खियां बनी हुई है क्योंकि इस साल नवंबर-दिसंबर में मध्य प्रदेश, राजस्थान के साथ तेलंगाना में भी विधानसभा चुनाव होना है। हम सब जानते हैं कि तेलंगाना विधानसभा का कार्यकाल 16 जनवरी 2024 को खत्म हो रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## ईरान-सऊदी अरब की दोस्ती के मायने

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**मेरी** समझ में विदेश नीति के मामले में चीन, भारत से कुछ आगे निकल रहा है, इसका ताजा उदाहरण हमारे सामने है। हम चीन को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अपना प्रतिद्वंद्वी समझते हैं और अपनी जनता को यह समझाते रहते हैं कि देखो, हम चीन से कितने आगे हैं लेकिन शुक्रवार को ईरान और सऊदी अरब के बीच जो समझौता हुआ है, उसका सारा श्रेय चीन लूट रहा है। पिछले सात साल से ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक संबंध भंग हो चुके थे, क्योंकि सऊदी अरब में एक शिया मौलवी की हत्या कर दी गई थी। ईरान एक शिया राष्ट्र है। तेहरान स्थित सऊदी राजदूतावास पर ईरानी शियाओं ने जबरदस्त हमला बोल दिया था। सऊदी सरकार ने कूटनीतिक रिश्ता तोड़ दिया। इस बीच सऊदी अरब और ईरान पश्चिम एशियाई देशों के आंतरिक मामलों में एक-दूसरे के विरुद्ध हस्तक्षेप भी करते रहे। यमन, सीरिया, एराक और लेबनान जैसे देशों में एक-दूसरे के समर्थकों को सैन्य सहायता भी देते रहे। सऊदी अरब ने ईरान पर ये आरोप भी लगाए कि यमन के हाउथी बागियों से उसने सऊदी अरब में सीमापार से प्रक्षेपास्त्र और ड्रोन आक्रमण भी करवाए तथा उसके तेल के कुओं को उड़ाने की भी कोशिशें कीं। दोनों इस्लामी देशों के संबंध इतने कटु हो गए थे कि सऊदी अरब के शासक मोहम्मद बिन सलमान ने यहां तक कह दिया कि आयतुल्लाह खामेनई ह्यनया हिटलर है। सऊदी अरब लंबे समय से अमेरिका के नजदीक रहा है। इजरायल के साथ उसके संबंधों को सहज बनाने में अमेरिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। लेकिन अमेरिका-ईरान संबंधों में पिछले 40-42 साल से गहरा तनाव है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापार, आवागमन, कूटनीतिक संबंध तथा अन्य क्षेत्रों में दुश्मनों के जैसा व्यवहार रहा है लेकिन इन दोनों मुस्लिम राष्ट्रों से भारत के संबंध सहज और उत्तम रहे हैं। दोनों को हमने पटा रखा है, यह हमारी कूटनीतिक चतुराई है लेकिन क्या यह काफी है? दोनों राष्ट्र हमसे अच्छे संबंध बनाए रखते हैं, क्योंकि दोनों के मतलब सिद्ध हो रहे हैं।

चीन के प्रसिद्ध राजनयिक वांग ई ने दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों में समझौता करवा दिया है। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे की संप्रभुता के सम्मान की घोषणा भी की है।

## 'किसी-किसी' के किस्से

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह** किसी-किसी कहलाने वाले लोग बड़े खतरनाक होते हैं। ऐसे लोगों के गले में एक तख्ती लटका देनी चाहिए जिसमें लिखा होना चाहिए कि मुझसे कोई नहीं बच सकता। इनके गुण ही बड़े विलक्षण होते हैं। किसी-किसी को दिखता है। किसी-किसी को नहीं दिखता है। किसी-किसी को दिखकर भी नहीं दिखता है तो किसी-किसी को नहीं दिखकर भी दिखता है। यह किसी-किसी कहलाने वाले लोग गुफाओं या आदिम युग में नहीं रहते। हमीं में से कोई किसी-किसी का पात्र निभाता रहता है। आश्चर्य की बात यह है कि एक किसी दूसरे किसी को किसी-किसी का किस्सा बताकर अपनी किसियाने की खुसखुसी करता रहता है। कोई किसी के दुख में किसी सुख को तलाशने की कोशिश करता है। कोई किसी की आग में किसी की रोटी सेंकने का काम करता है। । कोई किसी के गिरने में किसी के उठने की राह जोहता है। यह किसकिसाने का फसाना बहुत पुराना है। हमसे-तुमसे-सबसे पुराना है। किसी की बात में किसी की चुप्पी, किसी के लिखे में किसी के मिटने और किसी की ताजगी में किसी के बासीपन की याद हो आना किस्साहट नहीं तो और क्या है! यह किसी-किसी कहलाने वाले प्राणी बड़े विचित्र होते हैं। एक किसी दूसरे किसी के शव को छूना नहीं चाहता है। यह किसी कभी किसी का बेटा बनकर किसी पिता को अंतिम दर्शन करने के सौभाग्य से वंचित कर देता है। किसी का पति बनकर किसी पत्नी का सुहाग उजाड़ देता है। किसी का भैया बनकर किसी भाई का सहारा छीन लेता है। ऐसा किसी किसी-किसी का नहीं होता। किसी ने खूब कमाया, कोठियाँ खड़ी कीं, घोड़ा-गाड़ी का ऐशो आराम देखा। किंतु यह केवल किसी-किसी तक सीमित रहा। आगे उसी किसी के किसी-किसी ने उसे भोगा। यह किसी-किसी का किस्सा युगों से चला आ रहा है। किसी-किसी ने किसी-किसी के साथ मिलकर जिंदगी के चार दिन बिताए थे। किसी के सामने किसी ने सिर उठाकर अपनी गुमानी दिखायी थी। दुर्भाग्य से एक किसी के मरने पर कोई किसी के साथ नहीं गया। सब के सब यहीं रह गये। उसका बंगला, घोड़ा, नौकर-चाकर सब के सब यहीं रह गए। किसी कहलाने वाला चार किसी कहलाने वाले कंधों के लिए तरसकर रह गया। न जाने कैसे उस किसी को किसी ने किसी तरह किसी ऐसी जगह पहुँचाया जहाँ किसी-किसी को मुक्ति मिलती है। किसी-किसी की बातें, किसी-किसी की यादें, और किसी-किसी के किस्से तब तक हैं जब तक कोई किसी को किसी तरह यह आपबीती सुनाता है।

# पीएम की सुरक्षा चूक पर एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब

## सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने 6 महीने पहले तत्कालीन मुख्य सचिव, डीजीपी और कई अफसर ठहराए थे दोषी

**अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** में 5 जनवरी 2022 को फिरोजपुर दौरे के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक से जुड़े मामले में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। केंद्र ने पंजाब सरकार से यह बताने को कहा है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से करवाई जा चुकी जांच की रिपोर्ट के आधार पर उसने क्या एक्शन लिया? सुप्रीम कोर्ट ने पीएम की सुरक्षा में हुई चूक की जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस इंदु मल्होत्रा की अगुवाई में 5 मेंबरी कमेटी बनाई थी जिसने 25 अगस्त 2022 को अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सब्मिट कर दी। रिपोर्ट पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने पाया कि सुरक्षा चूक के लिए पंजाब पुलिस जिम्मेदार है। जांच कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक फिरोजपुर के एसएसपी हरमनदीप हंस को दो घंटे पहले उस रास्ते के बारे में बता दिया गया था, जहां से पीएम गुजरने वाले थे। इसके बावजूद पंजाब पुलिस सुरक्षा बंदोबस्त ठीक नहीं कर पाई। रिपोर्ट में पंजाब के तत्कालीन मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी और तत्कालीन डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय की लापरवाही सामने आई थी। सुनवाई के दौरान ही चीफ जस्टिस ने कहा था कि इस रिपोर्ट में प्रधानमंत्री की पुख्ता सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी उपाय भी सुझाए गए हैं, जिसे सरकार को भेजा जाएगा।





### केंद्र ने पूछा- लापरवाह अफसरों पर क्या एक्शन लिया

**अब** केंद्र ने पंजाब सरकार से पूछा है कि उसने इस जांच कमेटी की रिपोर्ट पर 6 महीने में क्या एक्शन लिया? रिपोर्ट में जिन अफसरों को सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई या नहीं? अगर कोई एक्शन लिया गया तो क्या? और अगर नहीं लिया गया तो क्यों? केंद्रीय गृह सचिव ने पंजाब सरकार से इस पर एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है।

**रिपोर्ट में कहा- ब्लू बुक के हिसाब से नहीं चले अफसर:** सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने अपनी जांच के दौरान पंजाब के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की खामियां पाईं थी। कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करते समय कहा था कि पीएम के दौरे की सूचना होने के बावजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लापरवाही बरती और ब्लू बुक से हिसाब से प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। कमेटी ने इस मामले में फिरोजपुर के तत्कालीन एसएसपी हरमनदीप हंस को खासतौर पर जिम्मेदार ठहराया।

### आधे घंटे हाईवे पर फंसे रहे थे मोदी



**फरवरी** 2022 में हुए पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले 5 जनवरी, 2022 को पीएम नरेंद्र मोदी पंजाब दौरे पर आए थे। मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री के काफिले को बठिंडा से फिरोजपुर सड़क मार्ग से भेजा गया। जब वह बठिंडा हवाई अड्डे से हुसैनीवाला जा रहे थे तो उनका काफिला फिरोजपुर के प्यारेआना गांव में आधे घंटे तक एक फ्लाईओवर पर फंसा रहा क्योंकि वहां से कुछ दूरी पर किसानों ने हाईवे बंद कर दिया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय और प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहने वाले स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप की ब्लू बुक के मुताबिक पीएम के कार्यक्रम और दौरे के बारे में पंजाब सरकार को पहले ही बता दिया गया था।
ऐसे में नियमानुसार राज्य पुलिस को सुरक्षा के साथ-साथ अल्टरनेटिव रूट तैयार रखना चाहिए था। इमरजेंसी प्लान को देखते हुए पंजाब सरकार को सड़क मार्ग पर अतिरिक्त सुरक्षा तैनात करनी थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसी सुरक्षा चूक के बाद पीएम के काफिले ने बठिंडा एयरपोर्ट पर लौटने का फैसला किया। बठिंडा एयरपोर्ट से दिल्ली जाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां मौजूद पंजाब के अफसरों से कहा था कि सीएम से थैंक्स कहना, मैं जिंदा लौट पाया।

## न्यूज फ्लैश

### कार पीछे से डंफर में घुसी, पांच की मौत

**सुल्तानपुर/टीम एक्श इंडिया**
**पूर्वांचल** एक्सप्रेसवे पर स्थित भेलारा गांव के पास रविवार दोपहर दिल्ली से बिहार जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में कार पर सवार मां-बेटे समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त कार में फंसे सभी लोगों के शवों को बाहर निकाला। हादसे के बाद डीएम और एसपी खुद मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। हादसे की जानकारी डीएम ने पीड़ित परिजनों को दी है। बिहार के सासाराम निवासी सलीम के चार वर्षीय बेटे एहसान गौस की दिल्ली में मौत हो गई थी। रविवार को सलीम की पत्नी रुखसार (31) अपने बेटे के शव को लेकर परिवार के ही साइना खातून (37) पत्नी गुड्डू, साहिल खान (19) (मां-बेटा), जमिला पत्नी जमाल के साथ कार चालक शारूख (28) के साथ बिहार के लिए निकले थे। कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होते हुए बिहार जा रही थी। कार जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के भेलारा गांव के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर डंपर में पीछे से घुस गई। हादसे में सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने कार में फंसे शवों को बाहर निकाला। इस दौरान डीएम जसजीत कौर, एसपी सोमेन बर्मा के साथ मौके पर पहुंच गईं। डीएम ने बताया कि कार हादसे में शिकार हुए लोगों के परिजनों को सूचना दी गई है। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### होली पर आस के साथ टूट गई मां की सांस

**आगरा/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर** प्रदेश के आगरा में एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी बेटा छह साल पहले अपनी मां को वृद्ध आश्रम को अस्पताल बताकर छोड़ गया। बोला नोएडा में फ्लैट देखने जा रहा है। दो दिन बाद ले जाएगा। दो दिन बाद बेटे के आने इंतजार करती रही चंद्रकांता ने इस दुनिया से अलविदा हो गईं। बेटे आया और कागजी कार्रवाई पूरी कर तुरंत ही लौट गया। उसने मां को मुखाग्नि देना भी उचित नहीं समझा। जिला स्थित रामलाल वृद्धाश्रम में छह साल से अपने बेटे का इंतजार कर रही मां की आंखें पथरा गईं। होली पर बेटे को पुकारते हुए आखिरकार मां दुनिया से रुखसत हो गई। मां की मौत की खबर पर भी बेटे का दिल नहीं पसीजा। होली मनाने के बाद वह आश्रम आया और अंतिम संस्कार की रस्में पूरी किए बिना ही चला गया। आश्रम वालों ने बुजुर्ग माता को अंतिम विदाई दी।
**75 साल की उम्र में छोड़ गया था:** आश्रम में साढ़े छह साल पहले करीब 75 साल की चंद्रकांता पहुंची थीं। बेटा गुरुद्वारा गुरु का ताल के पास छोड़कर चला गया था। आश्रम के अध्यक्ष शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि चंद्रकांता को कुछ लोग लेकर उनके पास आए थे। बेटे ने उनसे कहा था कि वह नोएडा में फ्लैट देखने जा रहा है। दो दिन बाद उन्हें आकर ले जाएगा।



**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यपाल से भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।**

### आयुर्वेद से संभव है कैंसर का इलाज: आचार्य बालकृष्ण

**मेरठ/टीम एक्शन इंडिया**
**पतंजलि** योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य बालकृष्ण ने कहा- आयुर्वेद से कैंसर का इलाज संभव है। पतंजलि आयुर्वेद के विस्तार पर लगातार काम कर रहा हैं। रिजल्ट बहुत अच्छे आ रहें। यही वजह है कि कोरोना काल के बाद आयुर्वेद को लोगों ने माना है। इसके महत्व को समझा। आने वाले वक्त में आयुर्वेद घर-घर पहुंचेगा। इसमें कोई शंका नहीं है। आचार्य बालकृष्ण मेरठ में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन और प्रादेशिक आयुर्वेद सम्मेलन में शामिल हुए।

## भाजपा का यूपी क्लीन स्वीप प्लान

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**यूपी में** भाजपा की नई कार्यकारिणी का गठन किसी भी समय हो सकता है। नई कार्यकारिणी के साथ ही 80 लोकसभा के मिशन में बीजेपी के कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्ष तक जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। पहली बार बीजेपी अपने बूथ अध्यक्षों को सिम कार्ड वितरण करेगी। डिजिटल प्रयोग के माध्यम से बूथ अध्यक्ष तक सीधा संदेश प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष कब पहुंचेगा। वहीं, दूसरी तरफ प्रत्येक केंद्रीय मंत्री को तीन से चार लोकसभा सीट पर लगाया गया है। यूपी में मिशन क्लीन स्वीप की तरफ बीजेपी का प्लान तैयार किए



जाने के पीछे की वजह महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल के अलावा उत्तर भारत की सीट में कमजोर होना माना जा रहा है।
**केंद्रीय मंत्री को 3-4 लोकसभा की जिम्मेदारी:** गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत आला नेता और केंद्रीय मंत्री लगातार इन सीटों का दौरा कर रहे हैं और इलाके में संगठन को मजबूती देने के प्रयास में लगे हैं। प्रत्येक केंद्रीय मंत्री को तीन से चार लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा बीजेपी यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने की रणनीति पर काम कर रही है।
बीजेपी का मिशन-2024 के लिए सबसे ज्यादा फोकस 2019 में यूपी की हारी हुई लोकसभा सीटों पर है, जिसे अगले साल 2024 में जीतने के लिए पार्टी ने अभी से मशक्कत शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक यूपी के मिशन-80 लक्ष्य के मद्देनजर हारी हुई 14 लोकसभा सीटों के लिए बीजेपी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर रही है।

## ये हमारी जमीन है...यहां कन्नड़ बोलना पड़ेगा...

**बेंगलुरु/टीम एक्शन इंडिया**
**कर्नाटक** में हिंदी और कन्नर बोलने को लेकर ऑटो ड्राइवर और लेडी पैसेंजर्स के बीच तीखी बहस का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में ऑटो ड्राइवर को महिला यात्री पर कन्नड़ में बात करने के लिए चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। ड्राइवर कहता है- यह कर्नाटक हैं और यहां कन्नड़ बोलना पड़ेगा। इस दौरान उसने उत्तर भारतीयों के लिए भिखारी शब्द का भी इस्तेमाल किया। वहीं, लड़की कन्नड़ में बात करने से इनकार कर दिया। जिसके बाद ऑटो वाले ने लड़की को उतार दिया। ये घटना कब की है और कहां कि है ये स्पष्ट नहीं है। कुछ रिपोर्ट्स में यह वीडियो बेंगलुरु का बताया जा रहा है। वहीं, कई यूजर्स ने इस वीडियो को शनिवार को ट्विटर पर शेयर किया है।
**ऑटो ड्राइवर ने उत्तर भारतीय को भिखारी कहा:** जानकारी के मुताबिक, जिस लड़की से ऑटो वाले की लड़ाई हुई वह उत्तर भारतीय है। इसी वजह से उसने ऑटो वाले से हिंदी में बोलने की रिक्वेस्ट की। जिसपर ऑटो वाले ने जवाब दिया- यह कर्नाटक है, आपको कन्नड़ में बोलना है, मैं हिंदी में क्यों बोलूं...। उसने ड्राइवर से आगे सवाल किया और पूछा- हम कन्नड़ में क्यों बोलेंगे? जिस पर ऑटो ड्राइवर ने कहा- आप लोग उत्तर भारतीय भिखारी हो, कर्नाटक क्यों आए हो?

### बडगाम में श्रद्धा हत्याकांड जैसी वारदात...

**बडगाम/टीम एक्शन इंडिया**
**मध्य** कश्मीर के बडगाम में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने यहां एक महिला की हत्या करने और फिर उसके शव के टुकड़ों को अलग-अलग जगह फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।
**सात मार्च से लापता थी महिला:** प्रारंभिक रिपोर्ट्स से पता चला है कि 30 वर्षीय महिला शिक्षा में स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। सात मार्च से वह लापता हो गई थी। महिला की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने आठ मार्च को शब्बीर अहमद को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शनिवार को अपना अपराध कबूल कर लिया है। 45 वर्षीय आरोपी शब्बीर शादीशुदा है और बडगाम जिले के ओमपोरा इलाके का रहने वाला है। वह बढ़ई का काम करता है। हालांकि पुलिस अभी तक हत्या के मकसद का खुलासा नहीं कर पाई है, लेकिन महिला के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि पुरुष ने पहले शादी के लिए उसके परिवार से संपर्क किया था, लेकिन महिला ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।
**शव के टुकड़े-टुकड़े करके लगा दिए अहमद ने ठिकाने:** पुलिस ने बताया, 'महिला पिछले चार दिनों से अपने घर से लापता थी। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने महिला की हत्या कर उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और उन्हें रेलवे ब्रिज ओमपोरा और सेबदेन समेत अलग-अलग जगहों पर ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने शनिवार की रात पीड़िता के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों को बरामद किया है।

## हाईकोर्ट ने दिया इंश्योरेंस कंपनी को झटका

**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने टायर फटने को एक्ट ऑफ गॉड बताकर मुआवजा देने से इनकार करने वाली इंश्योरेंस कंपनी को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने कहा है कि टायर फटना एक्ट ऑफ गॉड नहीं बल्कि इंसानी लापरवाही है, इसलिए कंपनी को मुआवजा देना होगा। जस्टिस एसजी डिगे की सिंगल बेंच ने कहा- एक्ट ऑफ गॉड गंभीर और अप्रत्याशित नेचुरल इवेंट होता है, जिसके लिए कोई इंसान जिम्मेदार नहीं होता। टायर फटने के लिए इंसान



जिम्मेदार होता है, इसलिए इसे एक्ट ऑफ गॉड बताकर कंपनी मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकती।
**ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट गई थी इंश्योरेंस कंपनी:** घटना अक्टूबर 2010 की है। मकरंद पटवर्धन अपने दो साथियों के साथ कार से पुणे से मुंबई जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी का पिछला टायर फट गया और गाड़ी एक गहरी खाई में गिर गई। मकरंद की मौके पर ही मौत हो गई।
मकरंद के पास न्यू इंडिया एश्युरेंस कंपनी की इंश्योरेंस पॉलिसी थी। उनके परिवार वालों ने कंपनी के पास मुआवजे के लिए अप्लाई किया। इंश्योरेंस कंपनी ने कहा कि टायर फटना एक्ट ऑफ गॉड है और इस आधार पर मुआवजा देने से इनकार कर दिया।




**आरोपी गिरफ्तार**

### पहले पी थी शराब, दो घंटे जंगल में रुके, गले में दुपट्टा बांधकर घसीटा था

## गैंगरेप के आरोपियों का पुलिस के सामने कबूलनामा

**आगरा/टीम एक्शन इंडिया**
**आगरा** के थाना सिकंदरा क्षेत्र के जंगल में 15 साल की किशोरी के साथ हुई दरिंदगी में पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद अब गैंगरेप की धारा बढ़ा दी है। आरोपियों का चालान गैंगरेप, हत्या का प्रयास और पॉक्सो एक्ट में हुआ है। आरोपियों ने पुलिस के सामने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने किशोरी से दरिंदगी के आरोप में किरावली के डावली गांव निवासी गणेश और फतेहपुर सीकरी निवासी संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की विवेचना में सामने आया है कि इस



कृत्य में दोनों आरोपी बराबर के दोषी हैं। इसके चलते पुलिस ने आरोपियों गणेश और संतोष को नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की धारा धारा 376डी(ए) में जेल भेजा है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 376(3), 308 और 34 पॉक्सो एक्ट में अभियोग दर्ज किया था। जंगल में लड़की को घसीटने के निशान मिले। यह निशान करीब 200 मीटर तक बने थे।

**जंगल में दो घंटे रुके थे दोनों आरोपी:** आरोपी गणेश और संतोष ने पुलिस को बताया कि गांव से निकलते समय उन्होंने शराब की बोतल खरीदी थी। इसके बाद सिकंदरा क्षेत्र में उन्होंने शराब पी। पुलिस जांच में सामने आया कि जहां पर किशोरी लहूलुहान मिली थी, वहां पर गणेश और संतोष करीब दो घंटे तक रुके थे। सर्विलांस से इसके प्रमाण भी मिले हैं। घटना से पहले आरोपी गणेश की किशोरी से फोन पर कई बार बात हुई थी। किशोरी के पास अपना फोन नहीं था, इसके लिए गणेश ने रास्ते से एक सिम और मोबाइल भी खरीदा था।